Title: Requests to get the reply of all the matters raised in the House and need to setup Agricultural University in Jammu.

श्री चमन लाल गुप्त (ऊधमपुर) : सभापति जी, पहली बात मैं कहना चाहता हूं कि जो मुद्दा हम यहां पर उठाते हैं, सरकार की तरफ से यदि यहां पर जवाब नहीं मिलता है तो कम से कम लिखित में हमें उसका जवाब ज़रूर मिलना चाहिए।

दूसरा निवेदन यह है कि पूर्व प्रधान मंत्री देवेगौडा जी ने जम्मू में अनाउंस किया था कि जम्मू को ऐग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी दी जाएगी। उसके लिए दस करोड़ रुपये केन्द्र के बजट में भी रखा गया है। कश्मीर वैली में एक ऐग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी सोपोर में चलती थी और इनसर्जेन्सी की वजह से वह खत्म हो गई। आज उसका स्टाफ जम्मू में बैठा हुआ है। इसलिए जम्मू में तुरंत ऐग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी चालू की जाए क्योंकि जम्मू का क्षेत्र ऐसा क्षेत्र है जहां हम तीन फसलें निकालते हैं।

श्री चमन लाल गुप्ता जारी इन तीनों फसलों के डेवलपमैंट के लिए वहां के बच्चों को एग्रीकल्चर के बारे में जानकारी मिले और पढ़ाई की सुविधा मिले, उसके लिए बहुत जरूरी है कि आर.एस.पुरा में तुरंत एक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी शुरू की जाए।

... (व्यवधान)

श्री शैलेन्द्र कुमार (चैल) : सभापति महोदय, मुझे भी बोलने का मौका दिया जाए। ... (व्यवधान)

श्री तपन सिकदर (दमदम): सभापति महोदय, मेरा नाम तीसरे नम्बर है, लेकिन आपने मुझे अभी तक नहीं बुलाया है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : सर, मेरा नाम पुकारा गया था लेकिन मैं अभी बोल नहीं पाया हूं

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : कृपा करके आप अपनी सीट पर बैठिये। आपका नाम हमने सुन लिया है और आपकी बात भी सुन ली है।

श्री शैलेन्द्र कुमार : मैं अभी बोल नहीं पाया हूं।

सभापति महोदय : आपका सवाल उठ चुका है, इसलिए आप बैठिये।

श्री शैलेन्द्र कुमार : यह तो एक तरह से हमारे अधिकारों का हनन है, हमें बोलने का मौका मिलना चाहिए।

... (व्यवधान)